

पृष्ठ संख्या 2

डाक पंजीयन संख्या- RJ/JPM/160/2024-26

RNI NO.- RAJHIN/2021/80841

संस्कार सृजन

हिन्दी पाक्षिक

CBC CODE-134222



सम्पादकः राम गोपाल सैनी
मो.: 9214996258

वर्षः 05 | अंकः 15 | पृष्ठ : 4 | जयपुर, शनिवार 7 नवम्बर, 2026 | मूल्यः 05 रू. | वार्षिक मूल्य : 150 रू.

विराज फाउंडेशन द्वारा भव्य तुलसी नगर भ्रमण एवं तीन दिवसीय गौ कथा का होगा आयोजन

जयपुर (संस्कार सृजन)। तुलसी दिवस के पावन अवसर पर 25 दिसंबर को चौमूं में धर्म, भक्ति और सनातन संस्कृति का भव्य संगम देखने को मिलेगा। विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में वेद-वेदांग प्रकोष्ठ द्वारा भव्य तुलसी नगर भ्रमण एवं तीन दिवसीय गौ कथा का आयोजन किया जाएगा। शाही लवाजमे के साथ निकलने वाली तुलसी नगर भ्रमण यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंचेगी, जहां तीन दिवसीय गौ कथा के माध्यम से गौ सेवा, धर्म एवं संस्कृति का संदेश दिया जाएगा।आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर सीताराम जी मंदिर, गढ़ परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक परम पूज्य गौ सेवक गोपालशरण दास जी महाराज के पावन सानिध्य में, पंडित अरुण कुमार शर्मा एवं पंडित ईश्वरदास शर्मा के



मुख्य आचार्यत्व में तथा विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से तुलसी नगर भ्रमण एवं तीन दिवसीय गौ कथा के आयोजन का निर्णय लिया। सभी पदाधिकारियों ने आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 दिसंबर को शाही लवाजमे के साथ भव्य तुलसी नगर भ्रमण यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचेगी, जहां तीन दिवसीय गौ कथा का आयोजन होगा। इस आयोजन के माध्यम से समाज में गौ सेवा, तुलसी महिमा एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया जाएगा।इस दौरान संरक्षक गोपाल शर्मा, डॉ. सी.एम. सैनी, चंद्रप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, सत्यप्रकाश पारीक, डॉ. एम.के. अग्रवाल, दिनेश कुमावत, नारायणलाल शर्मा, मुकेश दीक्षित, रामावतार लालानी, दामोदर प्रसाद खांडल, रामावतार बासोतिया, पुजारी दीपक शर्मा, जय सैन, शम्भू गरेड सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

डॉ. त्रिलोक सोनी ने जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल को किया पौधा भेंट

देहरादून (संस्कार सृजन)। पर्यावरण संरक्षण संवर्द्धन के संदेश वाहक बनकर जन जन को जागरूक कर रहे वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल व अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी से मुलाकात किया और दीपावली के शुभ अवसर पर उन्हें तुलसी का पौधा उपहार में भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दिया।




जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल डॉ. सोनी के हरे वस्त्र पहनावे से बहुत प्रभावित हुए और कहा आपका ये पहनावा स्वयं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है वहीं अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने डॉ. सोनी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा डॉ सोनी का कार्य जन जन को जागरूक करने का हैं।

वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने दीपावाली पर जन जन से आह्वान करते हुए कहा हमारे उत्तराखंड में स्वच्छ, सुंदर, प्रदूषण मुक्त आबोहवा हैं। हमें इसको बनाकर रखना है बारूद के बने सामग्री का प्रयोग न करें और पटाखे सीमित समय व कम से कम जलाये। अधिक आतिशबाजी से प्रदूषण अधिक फैलता है जिससे आंखों, चर्मरोग, स्वशसन संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता हैं इन से बचने के लिए हमें बारूद के बने सामग्री का प्रयोग न करें।

बावड़ी गेट व्यापार मंडल द्वारा दीपावली पर होगी बंपर लाइटिंग और महा-सजावट

चौमूं (संस्कार सृजन)। रोशनी के महापर्व दीपावली को इस बार ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए बावड़ी गेट व्यापार मंडल द्वारा विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी दीपोत्सव के आयोजनों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई और सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



व्यवस्थापक एवं नगर परिषद के पार्षद विक्रम सिंह राठौड़ तथा भाजपा नेता मनीष गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार बावड़ी गेट से भुर्जी हवाई तक पूरे बाजार को आकर्षक बंपर लाइटिंग से सजाया जाएगा। बाजार में रंग-बिरंगे राइस कलरफुल बल्बों के बड़े-बड़े जाल और सुंदर फूलों से भव्य सजावट की जाएगी, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी। त्योहार के इस उल्लासपूर्ण माहौल में आने वाले ग्राहकों और क्षेत्रवासियों के स्वागत के लिए रात्रि में जलपान की विशेष व्यवस्था भी की जाएगी। व्यापार मंडल के इस पहल से व्यापारियों और आमजन में भारी उत्साह देखा जा रहा है। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

मेरा पेड़-मेरा दोस्त(मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत दोस्त बनाकर एक पौधा इस धरा में अवश्य लगाए और अपने अतिथियों को स्वागत में फूलो के बुके के बजाय एक पौधा उपहार में भेंट करें।



किरण सोनी



डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी

पर्यावरणविद्, वृक्षमित्र, प्रवक्ता भूगोल

राजकीय इण्टर कालेज मरोडा (सकलाना)
पो.आ. रिंगालगढ, विकासखंड -जौनपुर, जनपद- टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड, पिन कोड-249145

मो. 9411736066

संपादकीय

विशेष गहन पुनरीक्षण क्यों ?

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित हम भारत के लोग अपने संविधान को आत्मर्पित करते हैं। भारत में जन्मे भारत की एकता, अखंडता के प्रति निष्ठ एवं भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों से ही हम भारत के लोग का तात्पर्य है। चुनाव, प्रतिनिधित्व, नागरिक अधिकार और कानून का शासन लोकतंत्र का आधार है। भारत के प्रति समर्पित वयस्क नागरिकों को ही भारत में सरकारें चुनने का अधिकार है। चुनाव के माध्यम से भारत में राज्य और केंद्र की सरकार को चुनने का अधिकार विदेशी घुसपैठियों को देना कैसे संभव हो सकता है। इसी कारण संविधान में मतदाता शुद्धिकरण की व्यवस्था है। भारतीय संविधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 धारा 21(3) के अंतर्गत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का अधिकार चुनाव आयोग को देता है। इसके अंतर्गत 13 बार मतदाता सूची के निरीक्षण का कार्य अभी तक चुनाव आयोग द्वारा किया गया है। यह प्रक्रिया 1952-56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983-84, 1987-89, 1992, 1993, 1995, 2002, 2003 और 2004 में हुई है। 2025 में बिहार प्रदेश से प्रारंभ यह 14वां एसआईआर है। साल 2004 से 22 वर्षों के मध्य यह प्रक्रिया पहले ही पूर्ण होनी चाहिए थी, जो कि नहीं हुई थी। वर्तमान में एसआईआर के विरोध में आवाज उठाने वाले दलों की केंद्र एवं राज्यों में सरकारें रहते हुए भी अनेक बार मतदाता शुद्धिकरण की यह प्रक्रिया हुई है। संविधान का अनुच्छेद 326 मताधिकार को केवल भारत के नागरिक तक सीमित करता है, और अनुच्छेद 324 निर्वाचक नामावली की तैयारी तथा उसकी शुद्धता का दायित्व निर्वाचन आयोग को सौंपता है; यही मतदाता शुद्धिकरण की संवैधानिक व्यवस्था है।प्रत्येक वैध भारतीय नागरिक को अपने मतदान का अधिकार मिले, एक मतदाता एक ही स्थान पर अपने मत का उपयोग करे, अवैध अथवा अनैतिक पद्धति से प्रवेश किये लोगों को भारत में सरकारें चुनने का अधिकार प्राप्त न हो इस उद्देश्य से संविधान के अंतर्गत धारा 324,325, 326 का प्रावधान किया गया है । जो मतदाता सूची के निर्माण, संशोधन एवं वयस्क मताधिकार की व्यवस्था करता है। आजीविका के उद्देश्य से अनेक नागरिक अपने स्थान से दूसरे स्थान के लिए परिवर्जन करते हैं। जिसके कारण पूर्व स्थान पर मत रहने के उपरांत भी वह दूसरे स्थान पर अपना मत बनवाते हैं। साल 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि लगभग 45 करोड़ लोगों ने देश में ही आन्तरिक प्रवास किया। आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 के अनुसार 2001-2011 के मध्य प्रतिवर्ष औसत 50 से 65 लाख लोगों ने इधर- उधर प्रवास किया है। एसआईआर के अंतर्गत बिहार प्रदेश में 7.01 लाख नाम दो स्थानों पर मतदाता थे। यह स्थिति देश के अन्य राज्यों में भी है। देश के कुल मतदाताओं में एसआईआर होने के उपरांत कुल 13.30 करोड़ में से लगभग 2 करोड़ 80 लाख मृतक नाम मतदाता सूची में पाए गए है । 6.30 करोड़ ने अपना स्थान परिवर्तन कर दूसरे स्थान पर मतदाता सूची में नाम जुड़वा लिया था। तीन करोड़ मतदाताओं के बारे में जानकारी ही नहीं मिली है। यह वही मतदाता है जो भारत में वैध नागरिक न होते हुए भी भारत की सरकार को चुनने का कार्य कर रहे थे। 1.02 लाख मतदाताओं का नाम दो बार मतदाता सूची में था। सेना के सेवानिवृत्त जनरल एसके सिन्हा ने असम के राज्यपाल रहते हुए आठ नवंबर 1998 को राष्ट्रपति को सौंपी अपनी रिपोर्ट में राज्य में अवैध घुसपैठ से पैदा हो रहे खतरे के प्रति आगाह किया था। केवल असम में ही उनके अनुमान अनुसार 60 लाख घुसपैठिए थे। उन्होंने घुसपैठ एवं उग्रवाद का परस्पर संबंध तथा सीमा पर जनसांख्यिकी परिवर्तन का वर्णन करते हुए उसे राष्ट्रीय सुरक्षा एवं लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था। साल 2016 में गृह राज्य मंत्री रहते समय किरेन रिजिजू ने संसद में जानकारी देते हुए बताया था कि लगभग दो करोड़ से अधिक घुसपैठियें भारत में रह रहे हैं। अनुमान के अनुसार कुछ लोग इसको तीन करोड़ तक की संख्या बताते हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा विजय के पश्चात बांग्लादेशी घुसपैठियों ने स्वतः ही बांग्लादेश को पलायन किया था। उत्तर 24 परगना के हकीमपुर बॉर्डर पर जाते हुए इन घुसपैठियों ने मीडिया से स्वीकार किया था कि उनके बिचौलियों एवं सत्तालोलुप नेताओं द्वारा अवैध मतदाता पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं राशन कार्ड बनवाए गए थे। कलकत्ता एवं गुवाहाटी उच्च न्यायालयों में भी यह तथ्य आ चुके हैं। रोजगार के लिए परिवर्जन किए हुए मतदाता तो किसी भी पार्टी को अपने मत देने के लिए स्वतंत्र है। मृतक मत दे नहीं सकते हैं।



निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

जयपुर (संस्कार सृजन)। विकास समिति सेक्टर 12 मानसरोवर, जयपुर और राइजिंग होप्स सोसायटी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर (द्वितीय) एवं शहरी सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-12, इन्द्रपथ, मानसरोवर, जयपुर के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा आउट रीच शिविर का आयोजन किया गया। राईजिंग होप्स सोसायटी के अध्यक्ष श्याम सुन्दर सारास्वत ने बताया कि शिविर में डॉ. तरूण तिवाड़ी, ब्लाक सी.एम.एच.ओ. व अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रजनी शर्मा, (प्रभारी), डॉ. मीनाक्षी धाकड़, (ब्री रोग), डॉ. जितेन्द्र शर्मा, (शिशु रोग), डॉ. परिक्षिता शर्मा (मेडिसन), डॉ. निशा शर्मा (चिकित्सा अधिकारी) तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. विवेक मोहन गुप्ता आदि ने करीब 125 महिलाओं, पुरुषों और बच्चों का स्वास्थ्य चैक कर स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया। शिविर में सीबीसी, हीमोंलोविन, लीवर, किडनी, शुगर, इलेक्ट्रोलाईट, विटमिन फैरेटिन एवं ए.एन.सी. सम्बन्धी सभी जाँचें निःशुल्क की गई तथा सभी मरीजों को दवाईया भी निः शुल्क उपलब्ध कराई गयीं। शिविर में कुछ समय के लिए सरवर बन्द होने से मरीजों को जाच कराने के लिए इंतजार करना पड़ा। विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश चन्द जैन ने सभी चिकित्सकों का सम्मान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।


आयुष्मान आरोग्य मंदिर धोबलाई में भगवान धन्वन्तरी की मूर्ति का हुआ अनावरण

जयपुर (संस्कार सृजन)। आयुष्मान आरोग्य मंदिर धोबलाई (अ क्षेत्र जयपुर) में धन्वन्तरी जयंती के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर



पर डॉ. सुमन लता शर्मा द्वारा भगवान धन्वन्तरी की मूर्ति की स्थापना एवं अनावरण किया गया। मूर्ति स्थापना का समस्त विधिविधान एवं पूजा-अर्चना का संस्कार डॉ. पवन कुमार तिवारी द्वारा संपन्न करवाया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. संगीता शर्मा, चरण कुमार जोया, राकेश कुमार, योगेन्द्र सिंह, किशन कुमार, संगीता संबल, समस्त आशा सहयोगिनी एवं सारा प्रवीण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



अमूल्य ज्ञान का बोध

❋ सोलह संस्कार

1.गर्भाधान संस्कार 2. पुंसवन संस्कार 3. सीमन्तोन्नयन संस्कार 4. जातकर्म संस्कार 5. नामकरण संस्कार 6.निष्क्रमण संस्कार 7. अन्नप्राशन संस्कार 8. मुंडन संस्कार 9. कर्णवेधन संस्कार 10. यज्ञोपवीत संस्कार 11. वेदारंभ संस्कार 12. केशांत संस्कार 13. समावर्तन संस्कार 14. विवाह संस्कार 15. सन्यास संस्कार 16. अन्त्येष्टि संस्कार

❋ अष्ट सिद्धि

1.अणिमा 2. महिमा 3. गरिमा 4. लघिमा . 5.प्राप्ति 6. प्राकाम्य 7. ईशित्व 8. वशित्व

❋ नव निधियां

1.पद्म निधि 2. महापद्म निधि 3. नील 4. मुकुंद निधि 5. नंद निधि 6.मकर निधि 7. कच्छप निधि 8. शंख निधि 9. खर्व निधि

❋ 27 नक्षत्र

1.आश्विन, 2.भरणी, 3.कृतिका, 4.रोहिणी, 5.मृगशिरा, 6.आर्द्रा 7.पुनर्वसु, 8.पुष्य, 9.आश्लेषा, 10.मघा, 11.पूर्वा फाल्गुनी, 12.उत्तरा फाल्गुनी, 13.हस्त, 14.चित्रा, 15.स्वाति, 16.विशाखा, 11.अनुराधा, 18.ज्येष्ठा, 19.मूल, 20.पूर्वाषाढ़ा, 21.उत्तराषाढ़ा, 22.श्रवण, 23.धनिष्ठा, 24.शतभिषा, 25.पूर्वा भाद्रपद, 26.उत्तरा भाद्रपद और 27.रेवती

❋ 12 राशियाँ

1. मेष 2. वृषभ 3. मिथुन 4. कर्क 5. सिंह 6. कन्या 7. तुला 8. वृश्चिक 9. धनु 10. मकर 11. कुम्भ 12.मीन

❋ नवग्रह

1.सूर्य 2.चंद्र 3.मंगल 4.बुध 5.बृहस्पति 6.शुक्र 7.शनि 8.राहू 9.केतु

❋ चार वेद

1.ऋग्वेद 2.यजुर्वेद 3.सामवेद 4.अथर्ववेद

❋ सप्त ऋषि

1.वशिष्ठ 2.विश्वामित्र 3.कण्व 4.भारद्वाज 5.अत्रि 6.वामदेव 7.शौनक

❋ 18 पुराण

1.ब्रह्म पुराण 2.पद्म पुराण 3.विष्णु पुराण 4. वायु पुराण (शिव पुराण)5.भागवत पुराण 6.नारद पुराण 7. मार्कण्डेय पुराण 8.अग्नि पुराण 9.भविष्य पुराण 10.ब्रह्मवैवर्त पुराण 11.लिंग पुराण 12.वाराह पुराण 13.स्कन्द पुराण 14.वामन पुराण 15.कूर्म पुराण 16.मत्स्य पुराण 17.गरुड पुराण 18.ब्रह्माण्ड पुराण

❋ सोलह श्रृंगार

1.बिंदी, 2. सिंदूर, 3. काजल, 4. मेहन्दी, 5. चूड़ियाँ, 6. मंगल सूत्र, 7. नथ, 8. गजरा, 9. मांग टीका, 10. झुमके, 11. बाजूबंद, 12. कमरबंद, 13. बिछिया, 14. पायल, 15. अंगूठी, 16. स्नान



5वें इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवॉर्ड्स में देश-विदेश की सिनेमाई प्रतिभाओं का सम्मान

कोलकाता (संस्कार सृजन)। स्वतंत्र सिनेमा और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में 5वें इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन 30 अक्टूबर 2026 को किया गया। इस समारोह में सिनेमा जगत से जुड़े कलाकारों और फिल्मकारों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ-साथ फिल्म निर्माण की कला और रचनात्मकता का उत्सव मनाया गया।

इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े फिल्ममकारों, निर्देशकों, निर्माताओं, पटकथा लेखकों, सिनेमैटोग्राफरों और कलाकारों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। अलग-अलग फिल्म श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहित करना, नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और उनकी फिल्मों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने के अवसर उपलब्ध कराना था।

समारोह में पारंपरिक सांस्कृतिक स्वागत से लेकर पुरस्कार वितरण तक कई आकर्षक पहलुओं ने आयोजन को विशेष बनाया। इसने यह भी दर्शाया कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों, भावनाओं, संस्कृति और सामाजिक संदेशों को अभिव्यक्त करने का सशक्त जरिया है।

Film Festival Junction द्वारा संचालित और Xcreend के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने स्वतंत्र सिनेमा के प्रति समर्पित फिल्मकारों को एक साझा मंच प्रदान किया। पांचवें संस्करण का यह आयोजन फिल्म जगत में रचनात्मक सहयोग, प्रतिभा सम्मान और स्वतंत्र सिनेमा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल रहा।



संस्कार सृजन
समाचार पत्र की ओर से
सभी देशवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ !!

धर्म दर्शन

पाक्षिक राशिफल



अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता
पंडित रविन्द्राचार्य

मेष- कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा । धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है। निवेश के लिए समय अनुकूल है। परिवार में शांति और सौहार्द बना रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा । योग और प्राणायाम करें।

वृषभ- व्यापार में विस्तार के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं जो भविष्य में फायदेमंद साबित होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। खान-पान का विशेष ध्यान रखें, पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

मिथुन- बौद्धिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए यह पखवाड़ा बेहद शुभ है। छात्रों को परीक्षा में सफलता मिलेगी। आमदनी के स्रोतों में वृद्धि होगी। मित्रों और भाई-बहनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। पर्याप्त नींद लें और तरोताजा महसूस करें।

कर्क- नौकरी में ट्रांसफर या बदलाव के योग बन सकते हैं। व्यवसाय में किसी भी नए समझौते से पहले दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कर लें। घर-परिवार में किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। छाती या सर्दी-जुकाम से जुड़ी छोटी-मोटी परेशानियां हो सकती हैं।

सिंह- आपके नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा होगी। कार्यस्थल पर आपके द्वारा लिए गए निर्णय सही साबित होंगे। आर्थिक मामलों में सुधार होगा। आय के नए साधन बन सकते हैं। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा। स्वास्थ्य पूरी तरह से साथ देगा।

कन्या- नौकरी में ऊन्नति के योग हैं। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं, इसलिए अपनी कार्य योजना किसी से साझा न करें। धन संचय करने में सफल रहेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। संतान पक्ष से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। पैरों में दर्द या थकान की शिकायत हो सकती है।

तुला- रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े जातकों के लिए यह समय विशेष लाभदायक है। कला और मीडिया से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट्स मिलेंगे। वित्तीय स्थिति स्थिर बनी रहेगी। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। त्वचा या एलर्जी से जुड़ी समस्याएं परेशान कर सकती हैं, समय पर डॉक्टर से सलाह लें।

वृश्चिक- कार्यभार अधिक रहेगा, जिसके कारण मानसिक दबाव महसूस हो सकता है। धैर्य से काम लें, सफलता अवश्य मिलेगी। अचानक धन लाभ होने के योग हैं। घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है। रक्तचाप या तनाव से जुड़ी समस्याओं के प्रति सतर्क रहें।

धनु- उच्च शिक्षा या विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार के स्पष्ट संकेत हैं। आय के अतिरिक्त स्रोत बन सकते हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य कुल मिलाकर उत्तम रहेगा। उत्साह और उमंग बनी रहेगी।

मकर- कार्यस्थल पर सीनियर्स आपके काम से प्रभावित होंगे। व्यवसाय में साझेदारी से लाभ हो सकता है। भूमि या वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं। पारिवारिक जीवन शांत और सुखद रहेगा। जोड़ों के दर्द या हड्डियों से जुड़ी पुरानी समस्या उभर सकती है, लापरवाही न बरतें।



कुंभ- नए विचारों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय बहुत ही शानदार है। धन का आगमन सुचारू रूप से बना रहेगा। मित्रों की मदद से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। वैवाहिक जीवन में प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।


मीन- नौकरी में प्रमोशन या वेतन वृद्धि की संभावना है। व्यापार में नया निवेश सोच-समझकर करें। खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट बनाकर चलना ही बुद्धिमत्ता होगी। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। खान-पान की अनियमितता के कारण पेट से जुड़ी तकलीफ हो सकती है, इसलिए संतुलित आहार लें।

कहानी (अपने हिस्से का दीया)

दीवाली का पावन पर्व खुशियों, दीपों और अपनों के साथ का प्रतीक माना जाता है। चारों तरफ रोशनी की जगमगाहट होती है, लेकिन कई बार यह रोशनी कुछ ऐसे अंधेरों को उजागर कर जाती है, जिन्हें हम आम दिनों में नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसी ही एक कहानी है वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्ग मोहन लाल और उनके बेटे की।

मोहन लाल ने अपनी पूरी जिंदगी अपनी छोटी सी नौकरी और इकलौते बेटे राहुल की परवरिश में निकाल दी थी। पत्नी के गुजर जाने के बाद राहुल ही उनकी दुनिया था। उन्होंने अपनी हर इच्छा का गला घोंटकर राहुल को पढ़ाया-लिखाया और एक बड़ी कंपनी में इंजीनियर बना दिया। राहुल की तरक्की देखकर मोहन लाल की छाती गर्व से चौड़ी हो जाती थी। कुछ ही सालों बाद राहुल की शादी हो गई और वह अपनी पत्नी के साथ शहर के एक पॉश इलाके में रहने लगा।

शुरुआत में सब कुछ ठीक था, राहुल फोन पर बात कर लेता था। लेकिन धीरे-धीरे व्यस्तता बढ़ने लगी और फोन की दूरियां बढ़ती गईं। आखिरकार, एक दिन राहुल ने बहुत ही व्यावहारिक लहजे में अपने पिता को शहर के एक आधुनिक वृद्ध आश्रम में शिफ्ट करवा दिया। उसने कहा, पापा, वहां आपकी देखभाल के लिए लोग हैं, और मैं भी ऑफिस के बाद कभी-कभी आ जाया करूंगा। उस दिन मोहन लाल का दिल टूट गया, लेकिन बेटे की खुशी के खातिर उन्होंने कोई विरोध नहीं किया।


प्रभाती लाल सैनी

दीवाली का दिन नजदीक आ रहा था। वृद्ध आश्रम को बहुत सुंदर ढंग से सजाया गया था। चारों तरफ रंगोली और दीयों की रोशनी थी। हर बुजुर्ग के चेहरे पर एक उम्मीद थी कि शायद इस दीवाली उनके अपने उन्हें लेने आएंगे या कम से कम मिलने आएंगे। मोहन लाल भी रोज सुबह उठकर मुख्य द्वार की ओर देखते और सोचते कि शायद आज राहुल का फोन आएगा या वह खुद आ जाएगा।

दीवाली की शाम आई। आश्रम के सभी कमरों में मोमबत्तियां और दीये जल रहे थे। हर तरफ मिठाइयां बंट रही थीं। तभी मुख्य द्वार पर एक गाड़ी आकर रुकी। मोहन लाल की आँखें चमक उठीं। उन्हें लगा कि शायद राहुल उन्हें वापस घर ले जाने आया है। उनका दिल तेजी से धड़कने लगा। वे दौड़कर दरवाजे की तरफ बढ़े।

लेकिन गाड़ी से राहुल नहीं उतरा, बल्कि वह एक स्थानीय अनाथालय के बच्चों के लिए दीवाली के तोहफे और मिठाइयां देने आया था। जब राहुल ने अपने पिता को सामने खड़े देखा, तो वह कुछ पल के लिए झेंप गया। उसने नजरें चुराते हुए कहा, पापा, मैं ऑफिस के काम से बहुत व्यस्त था और इधर कुछ सामान देने आना था, तो सोचा आपसे भी मिलता चलूं। कल बहुत जरूरी मीटिंग है, इसलिए रुक नहीं पाऊंगा।

राहुल ने एक डिब्बा मिठाई का पिता के हाथ में थमाया, चरण स्पर्श किए और जल्दी से वापस अपनी गाड़ी में बैठकर रवाना हो गया। मोहन लाल वहीं सुन्न खड़े रह गए। उनके हाथ में वह मिठाई का डिब्बा था, लेकिन मुंह का स्वाद पूरी तरह फीका हो चुका था। उन्होंने धीरे से उस डिब्बे को मेज पर रखा और आश्रम के एक अंधेरे कोने में जाकर बैठ गए। उनके कमरे की खिड़की से बाहर आसमान में आतिशबाजी हो रही थी। चारों तरफ रोशनी ही रोशनी थी, लेकिन उनके भीतर एक घना सन्नाटा छा गया था।

तभी वृद्ध आश्रम के एक अन्य बुजुर्ग साथी सोहन जी उनके पास आए और उनके कंधे पर हाथ रखकर एक छोटा सा मिट्टी का दीया उनकी हथेली पर रख दिया और बोले, मोहन भाई, अपनों के इंतजार में खुद को मत जलाओ। इन बेजान रिश्तों की चमक से बेहतर है कि हम खुद ही अपने हिस्से का दीया बनकर दूसरों के जीवन में उजाला करें। मोहन लाल ने उस छोटे से दीये की लौ को देखा। उनकी आँखों से एक आंसू टपका, लेकिन उस आंसू के साथ ही उनके भीतर जमा वर्षों का दर्द भी बह गया। उन्होंने समझ लिया कि उम्मीदों के बोझ से आजाद होकर जीना ही असली सुकून है। उन्होंने उस दीये को अपनी खिड़की की मुंडेर पर रख दिया और हल्की सी मुस्कान के साथ आसमान की तरफ देखने लगे। वह दीया छोटा जरूर था, लेकिन उसकी लौ ने उनके सूने मन में एक नई और सच्ची शांति अवश्य जगा दी थी।

जयपुर रत्न अवार्ड आयोजन समिति का हुआ गठन

जयपुर (संस्कार सृजन)। जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के तत्वावधान में 20 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाले जयपुर रत्न अवार्ड समारोह एवं प्रेरक पर्यावरण प्रेमी सम्मान समारोह के लिए संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने संयोजक गजानंद शर्मा एवं मोहनलाल शर्मा के परामर्श से आयोजन समिति का गठन किया। आयोजन समिति में आनंद मिश्रा को चयन समिति प्रमुख बनाया गया। आयोजन समिति में सरिता चौधरी, विशाल शर्मा, मुकेश मेहता, महेश शर्मा, रामजीलाल शर्मा, टिंकू शर्मा, सोनू शर्मा, मास्टर श्याम शर्मा, सोहनलाल पारीक, भंवर शर्मा, अर्जुन शर्मा ,राजेश मिश्रा, कैलाश शर्मा ,शैलेश शर्मा, कमलेश शर्मा ,बनवारी लाल खांडल ,राकेश मेहता, प्रमोद शर्मा, युवराज शर्मा, मुकेश शर्मा,महेश शर्मा,दीपक सहित 31 सदस्यों को शामिल किया गया।



समाजसेवी डॉ. गुलाब चंद पटेल को इन्कम टेक्स चीफ कमिश्नर सुशील कुमार मधुक ने किया सम्मानित

गुजरात (संस्कार सृजन)। समता एज्युकेशन ट्रस्ट अहमदाबाद की ओर से दहे गाँव में समता धाम में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में गांधी नगर गुजरात के प्रसिद्ध समाजसेवी, साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ.गुलाब चंद पटेल को विशिष्ट सिद्धि प्राप्त करने पर इन्कम टेक्स चीफ कमिश्नर सुशील कुमार मधुक ने मोमेंटो, सम्मान पत्र और किताब देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयेश वी भेराबिया ज्यूडिशियल मेंबर एचऑडी सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटीव ट्रिब्यूनल उपस्थित रहे।

समता एज्युकेशन ट्रस्ट के प्रेसिडेंट पूनम चंद पटेल अहमदाबाद की ओर आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल नई नौकरी प्राप्त करने वाले,उच्च पद प्राप्त करने वाले, सरकारी नौकरी में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले एवं समाज सेवी व्यक्तीयों को कुल मिलाकर 250 लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. गुलाब चंद पटेल को विशिष्ट सिद्धि प्राप्त करने हेतु मोमेंटो देकर सम्मानित करने पर रचना दर्शन मंच की फाउंडर अध्यक्षा रजनी प्रभा एवं खम्भोलज साहित्य सेवा संस्थान ट्रस्ट गुजरात के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शैलेश वाणीया द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गयी हैं।

शॉर्ट फिल्म दिये का सच 5 नवम्बर को हुई रिलीज़

जयपुर (संस्कार सृजन)। कला, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले बनी नई प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्म दिये का सच दीपावली के मौके पर 5 नवम्बर को सुबह 8:15 बजे यूट्यूब चैनल संस्कार टेलीफिल्म्स पर रिलीज़ हुई। फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि फिल्म के शीर्षक के अनुरूप ही इसकी कहानी बेहद दिलचस्प और भावनात्मक है। इसमें एक पिता पिछले 20 सालों से अपने पुत्र-पुत्री से एक खास दिये का सच छुपाकर रखता है । वह ना तो उस दिए को खुद जलाता है और ना ही किसी को हाथ लगाने देता है। लेकिन दीपावली के दिन बच्चों की जिद के आगे उसे आखिरकार सच बताना ही पड़ता है। फिल्म के माध्यम से यह खूबसूरत संदेश देने का प्रयास किया गया है कि कुछ रिश्ते वक्त के साथ धुंधले नहीं होते, बल्कि उनकी रोशनी हमेशा दिलों के सबसे करीब रहती है। इस पारिवारिक और संवेदनात्मक शॉर्ट फिल्म को दीपावली के पावन अवसर पर संस्कार टेलीफिल्म्स के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया । फिल्म में राजस्थानी सिनेमा के महानायक उग्रसेन तंवर, प्रिया शर्मा और मोहन सैनी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा कल्याण सिंह गुर्जर, पंडित रविंद्राचार्य,संदीप शर्मा और राजकमल डूडी महत्वपूर्ण सहायक भूमिकाओं में अपने अभिनय का जादू बिखेरेंगे। फिल्म के तकनीकी पक्ष को



संभालते हुए रजनीश सैनी इसके एडिटर और संदीप शर्मा असिस्टेंट डायरेक्टर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। संस्था से जुड़े सभी सदस्यों और कलाकारों को पूरा विश्वास है कि पहले की तरह यह भी फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने में पूरी तरह कामयाब होगी।

वहीं हाल ही में पत्रकार और फिल्ममेकर राम गोपाल सैनी द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म गलती किसकी को एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स द्वारा बेस्ट शोर्ट फिल्म 2026 का अवार्ड, इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवार्ड 2026 में 11 केटेगरी में अवार्ड मिले हैं और दूरियाँ शॉर्ट फिल्म का साउथ इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवार्ड 2026 के लिए ऑफिशियल सिलेक्शन हुआ है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित अनमोल जीवन, अपमान, सच्ची आज़ादी, राखी, दूरियाँ और गलती किसकी जैसी शॉर्ट फिल्म संस्कार टेलीफिल्म्स यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है।

जयपुर के रामलीला मैदान में लोकतंत्र की रक्षा के लिए उमड़ा चौमूं का जनसैलाब

जयपुर (संस्कार सृजन)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में चौमूं विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का एक विशाल जत्था राजधानी जयपुर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित विशाल रैली के लिए रवाना हुआ। नखराली ढाणी, राधास्वामी बाग (चौमूं) से शुरू हुई इस रैली में कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व जोश और उत्साह देखने को मिला।

रवानगी के दौरान रामलाल शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह अटूट संकल्प स्पष्ट संदेश दे रहा है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाली और समाज में अराजकता फैलाने वाली ताकतों को जनता कड़ा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव तत्पर है।रामलाल शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग (अनुच्छेद 324 के तहत संचालित) देश की स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव प्रणाली का प्रहरी है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और भाजपा पर वोट चोरी के झूठे आरोप मढ़ना विपक्ष की हताशा को दर्शाता है। चौमूं विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि हटाए गए 3,077 नाम पूरी तरह पारदर्शी कारणों से हटाए गए हैं, जो लोग अन्य स्थानों की सूचियों में भी दर्ज थे (EPIC नंबर से सत्यापित), मृतक मतदाता एवं विवाहित बेटियां (जिनका नाम अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुका है) राष्ट्रीय आंकड़े- देश भर में हटाए गए नामों



में करीब 2.80 करोड़ मृतक, 6.30 करोड़ पते पर गैरमौजूद, 1 करोड़ दोहरे और 3 करोड़ असत्यापित नाम शामिल हैं।

यह पूरी प्रक्रिया बीएलओ और दोनों दलों के बीएलए (BLA-1 और BLA-2) की देखरेख में हुई है।राजस्थान में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो पार्टी वोट चोरी का रोना रोती है, उसने वर्ष 2008 और 2018 में बसपा विधायकों को तोड़कर या मिलाकर सरकार बनाई थी।

इसके अलावा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान शिक्षकों द्वारा बिड़ला ऑडिटोरियम में तबादलों में पैसे लेने की स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस अखंड भ्रष्टाचार में डूबी हुई थी।

इस अवसर पर भाजपा देहात कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, बांसा मंडल अध्यक्ष शंकर लाल गागोरिया, नगर परिषद सभापति आशीष दुसाद, नगर पालिका कालाडेरा अध्यक्ष उर्मिला कुमावत, प्रधान रामस्वरूप यादव सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रिलायंस ट्रेंड्स स्टोर पर आया धमाकेदार दिवाली ऑफर

जयपुर (संस्कार सृजन)। त्योहारों के इस पावन अवसर पर जयपुर रोड स्थित रिलायंस ट्रेंड्स स्टोर अपने ग्राहकों के लिए एक विशेष और लुभावना धमाकेदार दिवाली ऑफर लेकर आया है। इस ऑफर के तहत ग्राहकों को त्योहारों की खरीदारी पर विशेष उपहार का लाभ उठाने का शानदार मौका मिल रहा है।

स्टोर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, स्टोर से 3,499 रुपए की खरीदारी करने पर ग्राहकों को मात्र 249 रुपए में एक शानदार और प्रीमियम इअर बड्स प्रदान किया जा रहा है। दिवाली के इस मौसम में यह ऑफर ग्राहकों के बीच काफी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रिलायंस ट्रेंड्स चौमूं स्टोर में त्योहारों की चमक को ध्यान में रखते हुए मेन्स, वूमेंस और किड्स के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया नया फेस्टिवल कलेक्शन पेश किया गया है। इसके साथ ही, आने वाली सर्दी के मौसम को देखते हुए लेटेस्ट विंटर वेयर की भी विस्तृत और ट्रेंडी रेंज उपलब्ध करा दी गई है। एक ही छत के नीचे पूरे परिवार के लिए पारंपरिक कपड़ों से लेकर आधुनिक पहनावे तक का विशाल संग्रह मौजूद है। खरीदारी करने आए स्थानीय ग्राहकों ने स्टोर के अनुभव को बेहद खास बताया। ग्राहकों का कहना है कि रिलायंस ट्रेंड्स में बेहद किफायती और उचित दामों पर उच्च गुणवत्ता वाले कपड़े उपलब्ध हैं। यहाँ का माहौल, विविधता और शानदार ऑफर्स त्योहारों की खरीदारी को और मजेदार बनाते हैं। ग्राहकों ने चौमूं वासियों से अपील की है कि वे इस दिवाली अपने परिवार के साथ एक बार स्टोर पर विजिट जरूर करें।



पगड़ी ऊँची मूँछ पे मरोड़ राजस्थानी गीत की हुई भव्य लॉन्चिंग

जयपुर (संस्कार सृजन)। राजस्थान की संस्कृति, शान, स्वाभिमान और पारंपरिक पहचान को समर्पित गीत 'पगड़ी ऊँची मूँछ पे मरोड़' का भव्य लॉन्च समारोह आज जयपुर स्थित साइंस पार्क में आयोजित किया गया। एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले निर्मित इस गीत की लॉन्चिंग कला एवं संस्कृति से जुड़े कई विशिष्ट अतिथियों, कलाकारों और गणमान्य लोगों की मौजूदगी में हुई ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश व्यास, पूर्व सीनियर उपसचिव, राजस्थान सचिवालय रहे। उनके द्वारा गीत को विशेष रूप से लॉन्च किया गया। वहीं पंकज ओझा, पूनम खंगारोत, डॉक्टर हेमंत चंदलानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद गीत की टीम एवं स्टारकास्ट का परिचय कराया गया और 'पगड़ी ऊँची मूँछ पे मरोड़' का भव्य लॉन्च किया गया। गीत की प्रस्तुति के दौरान राजस्थान की पारंपरिक संस्कृति, पगड़ी और मूँछ की शान तथा राजस्थानी स्वाभिमान की झलक देखने को मिली।

गीत की स्टारकास्ट में अभिमन्यु



राजपुरोहित ने हीरो की मुख्य भूमिका निभाई है, जबकि ऋतुराज सिंह राठौर हीरोइन की भूमिका में नजर आईं। अपेक्षा व्यास और जया शर्मा ने भी गीत में महत्वपूर्ण एवं विशेष भूमिकाएं निभाईं। वहीं वीरू कंवर की गीत में विशेष एंट्री आकर्षण का केंद्र रही।

राजस्थानी सिनेमा के महानायक उग्रसेन तंवर ने भी गीत में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई। उनके अभिनय और राजस्थानी अंदाज को समारोह में विशेष रूप से सराहा गया। पूरी स्टारकास्ट और टीम की मौजूदगी ने लॉन्च कार्यक्रम को और खास बना दिया।

इस अवसर पर गीत की प्रोडयूसर एवं लेखक डॉ. भावना शर्मा तथा डायरेक्टर राजवीर सिंह भाटी सहित गीत से जुड़े कलाकार और टीम के सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। सम्मान समारोह ने आयोजन को एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदेश से भी जोड़ा।

गीत की लॉन्चिंग के दौरान कलाकारों ने अपने अनुभव साझा किए और टीम की मेहनत के बारे में बताया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों एवं दर्शकों ने गीत और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजक डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि राजस्थान की प्रतिभाओं, कलाकारों और संस्कृति को बड़े मंच तक पहुंचाना इस प्रोजेक्ट का प्रमुख उद्देश्य है।

शॉर्ट फिल्म गलती किसकी को मिला बेस्ट शॉर्ट फिल्म अवार्ड-2026

जयपुर (संस्कार सृजन)। चौमूं निवासी फिल्म मेकर राम गोपाल सैनी द्वारा निर्देशित और संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित बहुचर्चित शॉर्ट फिल्म गलती किसकी की स्पेशल स्क्रीनिंग एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स द्वारा राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर स्थित साइंस पार्क ऑडिटोरियम में आयोजित कला, संस्कृति और सिनेमा के संगम के बीच एक गरिमामयी समारोह में संपन्न हुई । जिसे दर्शकों और अतिथियों ने बेहद सराहा। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में फिल्म को बेस्ट शॉर्ट फिल्म अवार्ड-2026 से नवाजा गया। फिल्म की पूरी टीम को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथियों राजस्थान खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त कमिश्नर पंकज ओझा और एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स की प्रोड्यूसर डॉ. भावना शर्मा के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस भव्य आयोजन में समाजसेवा, कला और प्रशासनिक जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी पूनम खंगारोत, चीफ गेस्ट महेश व्यास, डॉ. हेमंत चंद्लानी और राजवीर सिंह भाटी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान फिल्म निर्माण से जुड़े कलाकारों और तकनीशियनों की पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी, राजस्थानी सिनेमा के महानायक



उग्रसेन तंवर,एक्टर मोहन सैनी, संदीप शर्मा, प्रिया शर्मा और एडिटर रजनीश सैनी सहित फिल्म निर्माण से जुड़े कई प्रमुख चेहरे और सिनेप्रेमी उपस्थित रहे।

फिल्म गलती किसकी की पटकथा, दमदार अभिनय और इसके संवेदनशील सामाजिक संदेश ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों और दर्शकों का दिल जीत लिया। यह आयोजन राजस्थान में क्षेत्रीय लघु फिल्मों और कलात्मक सिनेमा के बढ़ते कदमों का एक शानदार उदाहरण साबित हुआ।



जय अंबे इलेक्ट्रॉनिक्स पर होलसेल रेट में मिल रही रंग बिरंगी लाइट्स

जयपुर (संस्कार सृजन)। चौमूं शहर के रींगस रोड, ओम हॉस्पिटल के पास स्थित जय अंबे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेनेटरी पर दीपावली के मौके पर प्रयोग आने वाली सभी प्रकार की रंग बिरंगी लाइट होलसेल रेट पर मिल रही हैं।

शॉप के ओनर सुरेश कुमार सैनी (मिस्त्री) ने बताया कि हमारे यहां पर ग्राहकों के लिए दीपावली पर काम आने वाली सभी रंग-बिरंगी लाइट्स उपलब्ध हैं। साथ ही सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक उत्पाद भी मौजूद हैं। हमारे यहां पर सभी उत्पाद होलसेल रेट पर ग्राहकों को उपलब्ध हैं। सभी ग्राहकों से गुजारिश है कि एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।

RNI N0. - RAJHIN/2021/80841
www.sanskarnews.page
EMAIL-sanskarsrijan21@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित।

उपसंपादक- रजनीश सैनी